### एक नजर में

## वामा साहित्य मंच की मासिक गोष्ठी




**इंदौर .** गुरु एक अक्षर का ज्ञान भी शिष्य को दे दें तो इस पृथ्वी पर ऐसा कोई द्रव्य या वस्तु नहीं जिसे गुरु को समर्पित कर शिष्य ऋण मुक्त हो जाएं . यह बात वरिष्ठ संस्कृति कर्मी विनय उपाध्याय ने अपने वीडियो संदेश में गुरु पूर्णिमा पर आयोजितवामा साहित्य मंच की मासिक गोष्ठी में कही . कार्यक्रम का आरंभ रचना चौपड़ा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ . संस्था की अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा गुरु का सानिध्य ही मनुष्य के पूरे जीवन को रूपांतरित कर देता है . कार्यक्रम में मृदुला गर्ग,कविता अर्गल,नीरजा जैन,भावना दामले एकता कश्मीरे, नेहा जैन, दिव्या मंडलोई, वैजयंती दाते, अवंति श्रीवास्तव, उषा गुप्ता, प्रतिमा जाट, माधुरी कनल, संगीता परमार, रुपाली पाटनी, अंजना सक्सेना, विभा भटोरे, विभा जैन, शांता पारेख, कोमल रामचंदानी, रजनी भारतीय, डॉ सुशीला सालगिया,इन्दु पाराशर आदि सदस्यों ने अपने गुरुओं को स्मरण करते हुए रोचक एवं प्रेरणास्पद संस्मरण साझा किए . कार्यक्रम की संयोजक थीं डॉ . रागिनी सिंह एवं रश्मि चौधरी . डॉ . प्रगति जैन ने पूरे आयोजन को एक सूत्र में पिरो कर सामंजस्य बनाए रखा . सचिव स्मृति आदित्य ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया .

## अग्रवाल परिषद के नि :शुल्क बायोडाटा सम्मेलन का शुभारंभ




**इंदौर .** अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल परिषद ने अपने सेवा प्रकल्प के अंतर्गत परिषद के छावनी स्थित कार्यालय पर प्रत्येक रविवार को विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए निशुल्क बायोडाटा सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को परिषद परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में किया गया . अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं सचिव आशीष गर्ग ने बताया कि प्रत्येक रविवार को समाज के जरुरतमन्द पालक और प्रत्याशी इस कार्यालय पर आकर अपने बायोडाटा ले और दे सकेंगे तथा यहाँ उपलब्ध कंप्यूटर के माध्यम से कुंडली मिलान की सुविधा का लाभ भी ले सकेंगे . सम्मेलन के संयोजक राजकुमार अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल मनीष बाग, सत्यनारायण अग्रवाल, प्रकाश एरन, अशोक बूबना, ओमप्रकाश अग्रवाल तेली बाखल, किशन गोपाल परसरामपुरिया, जगदीश बंसल, घनश्याम मित्तल, दीपक जाजोदिया, राधेश्याम गोयल एमपीईबी, अनिल अग्रवाल टिल्लू, अजय मंगल एवं सचिन अग्रवाल को इस अभियान की संचालन समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है .

## विज्ञान ने संसार को बड़े परिवार में बदला




**इंदौर .** विज्ञान ने सारे संसार को एक बड़े परिवार में बदल दिया है . पिछले दशक में भारत ने जो विज्ञान के क्षेत्र में तरक्की की है, वह अद्वितीय है . असाध्य रोग की चिकित्सा के साथ-साथ आज हमारे वैज्ञानिक चंद्र और मंगल ग्रह के रहस्यों को जानने में सफल हो रहे हैं . यातायात और संचार के साधनों ने जीवन को बहुत गतिशील बना दिया है। यह बात महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रिलायंस एनिमेशन अकादमी के शुभारंभ अवसर पर कहीं .प्रवीण जोशी ने बताया कि उक्त आयोजन आर्ट सेंस टेक्नोलॉजी और रिलायंस अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में हुआ . संस्था द्वारा एनिमेशन, स्टूडियो, वी एफ एक्स के प्रशिक्षण का प्रारम्भ किया गया . कार्यक्रम में अकादमी के बिजनेस हेड संदीप शेट्टी, साहित्यकार डॉ . योगेंद्रनाथ शुक्ल भूतपूर्व कमिश्नर श्रीमती भारती शेखावत, फाउंडर नीलेश शेखावत, सीइओ सुश्री वैभवी भामरे ने भी विचार रखे . संचालन डॉ .सुरेखा भारती ने किया . इस अवसर पर नगर के नाट्यकर्मी सुनील मतकर, सतीश मुंगरे कवि रामचंद्र अवस्थी, राजेंद्र शर्मा भी उपस्थित थे . आभार संतोष श्रीवास्तव ने माना .

## रामद्वारा पर चातुर्मास महोत्सव का शुभारंभ



**इन्दौर .** चातुर्मास हमारे लिए जागृति और चेतना का महापर्व है . वर्ष के बारह में से चातुर्मास के चार माह घटा दिए जाएं तो कुछ भी शेष नहीं रहेगा क्योंकि इन चार माह में ही हम अपने जीवन में सत्संग, भक्ति, आराधना, पूजा और धर्म संस्कृति से जुड़े अनुष्ठानों में शामिल होकर अपने जीवन को कृतार्थ बना सकते हैं . यदि यह समय चूक गए तो पूरा वर्ष बल्कि जीवन भी व्यर्थ माना जाएगा . ये विचार हैं अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संत हर्षराम महाराज के, जो उन्होंने शनिवार को छत्रीबाग रामद्वारा पर 90 वर्ष पुरानी परम्परा का पालन करते हुए चातुर्मास के शुभारंभ प्रसंग पर धर्म सभा में व्यक्त किए . रामद्वारा ट्रस्ट के देवेन्द्र मुछाल, लक्ष्मी कुमार मुछाल एवं रामसहाय विजयवर्गीय ने बताया कि संत हर्षराम 23 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 8 .30 से 9 .30 बजे तक अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे . वे रतलाम जिले के ताल रामद्वारा से पधारे हैं . प्रारम्भ में छत्रीबाग रामद्वारा ट्रस्ट की ओर से रामनिवास मोड़, गिरधर नीमा, हेमंत काकाणी, वासुदेव सोलंकी, भूरा पहलवान, प्रो दिलीप जोशी, घनश्याम पोरवाल आदि ने संतश्री की अगवानी कर उनका स्वागत किया .

## त्रिवेदी बावीसा ब्राम्हण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित



**इन्दौर .** आदि गौड़ बावीसा ब्राम्हण समाज की अ .भा . केन्द्रीय प्रतिनिधि सभा के निर्वाचन सम्पन्न हुए . सर्वश्री मानवेन्द्र त्रिवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष और आचार्य धर्मेन्द्र शास्त्री भोपाल (उज्जैन) को केन्द्रीय महामंत्री निर्वाचित किया गया . उपाध्यक्ष सुनील शुक्ला गोटू धार योगेश व्यास देवास कोषाध्यक्ष शशिभूषण पंडित हरदा बनाए गए . केन्द्रीय संयुक्त सचिव पद पर महेन्द्र दुबे खंडवा, नरेश दीक्षित पोलायकला, प्रमोद पांडे देवास, नरेन्द्र शुक्ला सिराली, पुरूषोत्तम शर्मा इन्दौर, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप वैध रावेर, संजय पाठक बेडियां सनावद चुने गए . निर्वाचन चन्द्रकांत शुक्ला हरदा, उल्हास और नितिन वैद्य ने करवाए . चुनाव भगत श्री मैरिज गार्डन देवास में हुए। देशभर की समाज की 28 शाखाओं के प्रतिनिधि चुनाव हेतु आए थे .

### नगर में आज

**हेरिटेज वॉक**

**समय**- **सुबह** 9 बजे, **स्थान**- किशनपुर छत्री

**जश्न- ए - रफी**

**समय**- **शाम** 7 बजे से, **स्थान**- जवाहर सभाग्रह

# नशे के खिलाफ सड़क पर उतरी इंदौर की नारी शक्ति,महिलाओं ने निकाली वॉकेथॉन

### नशे के खिलाफ पुलिस के अभियान को मिली नई ताकत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नशे के खिलाफ इंदौर पुलिस के अभियान को शनिवार को उस समय नई ताकत मिली, जब शहर की 3000 से अधिक महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर वॉकाथॉन निकाली. किशोरियों से लेकर वरिष्ठ महिलाओं तक ने एकजुट होकर नशे से दूरी है जरूरी का संदेश दिया और समाज से नशे के खिलाफ सामूहिक लड़ाई का आह्वान किया.**

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत शनिवार को नेहरू स्टेडियम से महिला वॉकाथॉन का आयोजन किया. वॉकाथॉन को पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर जीपीओ चौराहा, शिवाजी वाटिका और गीता भवन मार्ग से होते हुए पुन: स्टेडियम पहुंची. कार्यक्रम में शहर की छात्राओं, खिलाड़ी महिलाओं, विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं की प्रतिनिधियों, पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज की प्रशिक्षु महिला आरक्षकों, पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों सहित 3000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया. किशोरवय बालिकाओं से लेकर वरिष्ठ महिलाओं तक की भागीदारी इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही.



### नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना अभियान का उद्देश्य

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है . यदि माताएं, बहनें और बेटियां नशे के खिलाफ जागरूक होकर आगे आएंगी, तो समाज से इस बुराई को समाप्त करना अधिक आसान होगा . हमारा उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना है .




### महिलाओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली

वॉकाथॉन से पहले सभी प्रतिभागियों ने जुम्बा सेशन में हिस्सा लेकर वार्म अप किया . इसके बाद पूरे मार्ग में महिलाओं ने नशे से दूरी है जरूरी, से नो टू ड्रग्स, स्वस्थ जीवन, नशामुक्त जीवन और नारी का संकल्प नशामुक्त हो हर परिवार जैसे नारों के जरिए आमजन को जागरूक किया . इस दौरान पुलिस आयुक्त ने सभी महिलाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ भी दिलाई और उनसे अपने परिवार व समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लेने का आह्वान किया .

## तीन बैग में मिली नोटों की गड्डियों का रहस्य बरकरार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सांवेर पुलिस को सड़क किनारे मिले तीन बैग में भरी नोटों की गड्डियों का रहस्य दो माह बाद भी नहीं सुलझ पाया है. जांच में सामने आया था कि गड्डियों के ऊपर और नीचे लगे नोट असली थे, जबकि बीच में नोट के आकार के कागज रखे गए थे. पुलिस अब तक यह पता नहीं लगा सकी है कि ये बैग किसने फेंके थे और इनका इस्तेमाल किस वारदात में किया जाना था.**

दरअसल, इंदौर उज्जैन रोड पर नाले के किनारे तीन संदिग्ध बैग पड़े होने की सूचना ग्राम सिलोदा निवासी किसान विष्णु प्रसाद ने सांवेर पुलिस को दी थी. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बैगों की तलाशी ली तो उसमें पांच पांच सौ रुपए के नोटों जैसी गड्डियां मिलीं. जांच में पता चला कि गड्डियों के ऊपर और नीचे लगे नोट असली हैं, जबकि बीच में नोट के आकार के कागज रखे गए हैं. पुलिस ने कुल 42 हजार रुपए के 84 असली नोट जब्त किए थे.

इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई, लेकिन अब तक बैग रखने वाले व्यक्ति का पता नहीं चल सका है. पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले, लेकिन कोई अहम सुराग नहीं मिला. पुलिस का कहना है कि इस तरह की नकली नोटों जैसी गड्डियों का इस्तेमाल अक्सर ठगी के लिए किया जाता है. आशंका है कि किसी आरोपी ने पकड़े जाने के डर से बैग वाहन से सड़क किनारे फेंक दिए होंगे. फिलहाल मामले की जांच जारी है.

## ऑटो रिक्शा में गांजा लेकर घूम रहे तीन आरोपियों को पकड़ा

- **1 .75 किलो गांजा जब्त, बड़वाह से सप्लायर भी गिरफ्तार**
- **तीनों आरोपियों से बरामद गांजे की कुल कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कनाड़िया पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1.75 किलो गांजा और ऑटो रिक्शा जब्त किया है. मामले में पुलिस गांजा सप्लाई करने वाले नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है.**

बुधवार 22 जुलाई की रात गश्त के दौरान टीपीएस 9 रोड बिचौली हप्सी के पास एक ऑटो रिक्शा संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया. पुलिस को देखकर उसमें बैठे लोग भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया. ऑटो की तलाशी लेने पर ड्राइवर सीट पर बैठे प्रिंस कौशल उर्फ दादू उम्र 20 साल निवासी भागीरथपुरा और पीछे बैठे अनिल बोरासी उम्र 39 साल निवासी भागीरथपुरा के पास से गांजा मिला. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की.



आरोपियों से पूछताछ के आधार पर गांजा सप्लाई करने वाले राजेंद्र उर्फ राजू गौतम उम्र 53 साल निवासी बड़वाह को भी गिरफ्तार कर लिया. उसके पास से 600 ग्राम गांजा जब्त किया. पूछताछ में आरोपी ने अनिल और प्रिंस को गांजा उपलब्ध कराने की बात स्वीकार की है. पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से कुल 1.75 किलो से अधिक गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए है. इसके अलावा गांजा परिवहन में इस्तेमाल किया ऑटो रिक्शा भी जब्त कर लिया है. पुलिस अब गांजे के स्त्रोत और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है.

### नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार की जा रही कार्रवाई

डीसीपी जोन 2 अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है . गांजा तस्करी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है . पूछताछ के आधार पर सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है .

## 640 लीटर संदिग्ध घी जब्त, 21 नमूने जांच के लिए भेजे

**इंदौर.** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदौर खाद्य सुरक्षा विभाग ने शनिवार को शहर के कई खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया. कार्रवाई के दौरान बाहरी राज्य से लाया गया करीब तीन लाख रुपये कीमत का 640 लीटर संदिग्ध घी जब्त किया गया. साथ ही पांच प्रतिष्ठानों से कुल 21 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए गए.



खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने लसूड़िया मोरी स्थित एसडीए कम्पाउंड, देवास नाका क्षेत्र में मेसर्स कृष इंटरप्राइजेज का निरीक्षण किया. यहां गुजरात के पिपोदरा, मंगरोल (सूरत) स्थित श्री राधे डेयरी फार्म एंड फूड्स लिमिटेड द्वारा निर्मित वास्तु ब्रांड घी का स्टॉक मिला. घी के अलग-अलग पैक आकारों से 10 नमूने लिए गए. गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर करीब 640 लीटर घी को जांच रिपोर्ट आने तक जब्त कर लिया गया. इसके अलावा नवलखा मेन रोड स्थित द मैजिक टी (येवले चाय) आउटलेट की जांच में येवले विदाउट शुगर प्रीमिक्स एक्सपायरी अवधि के बाद भी उपयोग के लिए रखा मिला. विभाग ने पंचनामा तैयार कर एक्सपायर्ड प्रीमिक्स को मौके पर ही नष्ट कराया. प्रतिष्ठान से जिंजर टी, येवले विदाउट शुगर प्रीमिक्स और येवले आम पन्ना के नमूने भी लिए गए. अभियान के दौरान जावरा कम्पाउंड स्थित एफए गिफ्ट प्रा लि से मफिन वेनिला, चोको चिप्स और वेनिला प्रीमिक्स के नमूने, नैनोद स्थित साईं कृपा दूध डेयरी से मिश्रित दूध, पनीर और घी तथा नूरानी नगर, ग्राम बांक स्थित आशिक डेयरी फार्म से मिश्रित दूध और दही के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए.खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार, सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने शहर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर निरीक्षण अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है.

## स्कूल बच्चों की सुरक्षा पर आरटीओ सख्त

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. स्कूली बच्चों को असुरक्षित तरीके से ले जाने वाले वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने शनिवार को शहर में विशेष अभियान चलाया. कार्रवाई के दौरान आरटीओ की टीम ने नियमों का उल्लंघन करने वाले चार वाहनों को जब्त किया, जबकि वाहन संचालकों से 23 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया.**

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर संभागीय सड़क सुरक्षा दस्ता और आरटीओ इंदौर की टीम सुबह से ही स्कूल मार्गों पर सक्रिय रही. टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर बच्चों को ले जाने वाले मारुति वैन, ऑटो रिक्शा और स्कूल वाहनों की जांच की. जांच के दौरान तीन मारुति ओमनी वैन और एक ऑटो रिक्शा में सुरक्षा नियमों की अनदेखी सामने आई. इनमें आवश्यक दस्तावेजों की कमी और मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर वाहनों को जब्त कर लिया गया. संबंधित वाहन संचालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 23 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया.परिवहन अधिकारियों के अनुसार स्कूल बच्चों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा. क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने, बिना दस्तावेजों के वाहन चलाने और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले स्कूल वाहन संचालकों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी. आरटीओ की टीम ने स्कूल वाहन संचालकों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी है. अधिकारियों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए शहर में समय-समय पर ऐसे अभियान चलाए जाते रहेंगे.



## भक्त प्रह्लाद की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

### ध्रूव भक्ति व नरसिंह भगवान के प्राकट्य से गूंजा गीता भवन

**इंदौर.** स्थानीय गीता भवन मंदिर में चौखानी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर वृंदावन से पधारे कथा व्यास परम पूज्य पं. गोपाल कृष्ण महाराज ने व्यासपीठ से अनेक प्रेरक एवं मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया. भगवान के विभिन्न अवतारों एवं महान भक्तों के चरित्र का भावपूर्ण वर्णन सुनकर कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए.

महाराज श्री ने ध्रूव जी के चरित्र एवं उनके वंश का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार बालक ध्रुव ने अटूट श्रद्धा, दृढ़ संकल्प और कठोर तपस्या के बल पर भगवान की कृपा प्राप्त की. इसके साथ ही पृथु जी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके नाम पर ही पृथ्वी का नाम पड़ा. कथा के दौरान पुरंजन आख्यान एवं अजामिल प्रसंग के माध्यम से भगवान के नाम की महिमा पर विशेष प्रकाश डाला गया.



**नारायण कवच से मिलता है संकटों से संरक्षण**- महाराज श्री ने नारायण कवच की महिमा बताते हुए कहा कि यह भक्तों को संकटों से रक्षा प्रदान करता है तथा पापों से मुक्ति का प्रभावी साधन है. उन्होंने मनु के पुत्र प्रियव्रत जी के वंश, भगवान ऋषभदेव की कथा तथा भरत जी द्वारा राजा रहूगण को दिए गए भवाटवी उपदेश का भी विस्तार से वर्णन किया. साथ ही श्रीमद्भागवत में वर्णित भूगोल, खगोल एवं नरकों का भी रोचक विवेचन किया.

**नरसिंह भगवान के प्राकट्य पर गूंजे जयकारे**- कथा के अंतिम चरण में भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति और हिरण्यकशिपु के अत्याचारों का प्रसंग सुनाया गया. जैसे ही महाराज श्री ने भगवान नरसिंह के प्राकट्य एवं हिरण्यकशिपु वध का वर्णन किया, पूरा गीता भवन 'नरसिंह भगवान की जय' और 'भक्त प्रह्लाद की जय' के जयघोष से गूंज उठा. मनमोहक झांकी और भावपूर्ण कथा ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया. मुख्य आयोजकों में अनिरुद्ध चौखानी, श्रीमती वीना अरुण चौखानी एवं समस्त चौखानी परिवार शामिल रहे.



## शुक्ल यजुर्वेद संहिता स्वाहाकार का शुभारंभ

**इंदौर .** जेल रोड स्थित गणेश मंडल पर शनिवार को श्री शुक्ल यजुर्वेदीय याज्ञवल्क्य संस्था इंदौर के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा उत्सव के अंतर्गत शुक्ल यजुर्वेद संहिता स्वाहाकार के दिव्य अनुष्ठान का शुभारंभ संकल्प, गणेश पूजन, मंडल स्थापन एवं यजुर्वेद देवता के पूजन के बीच अरणि मंथन से उत्पन्न अग्नि से नवग्रह एवं यजुर्वेद संहिता के 3 अध्यायों के मन्त्रों से स्वाहाकार के साथ हुआ . संस्था के अध्यक्ष पं . उपेन्द्र जोशी एवं सचिव पं . तुषार जोशी गुरुजी, पं . राजेंद्र जोशी ने बताया कि इस अवसर पर पुणे के प्रख्यात आचार्य वेदमूर्ति श्री निखिल भालेराव के निर्देशन एवं ज्योतिषाचार्य डॉ . प्रफुल्ल जोशी के मुख्य यजमानत्व में यह आयोजन प्रारभ हुआ, जिसकी पूर्णाहुति 27 जुलाई को सुबह 11.30 बजे महाआरती के साथ होगी . इस अवसर पर पं . नंदकिशोर जोशी एवं पं . विजय अयाचित विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित थे . विनोद शाजापुरकर तथा संदीप पोफलकर ने अतिथियों का स्वागत किया . रविवार को सुबह 9 बजे से संहिता स्वाहाकार प्रारम्भ होगा जो शाम 5 बजे तक चलेगा .

### एक नजर में | फिक्की फ्लो इंदौर ने आयोजित किया वेलनेस सेशन

## स्वस्थ आंत अच्छे स्वास्थ्य की सबसे मजबूत नींव



**इंदौर.** फिक्की फ्लो इंदौर चैप्टर ने होटल मैरियट में होलिस्टिक हेल्थ एक्सपर्ट डिंपल जांगड़ा का एक विशेष वेलनेस सेशन आयोजित किया.

इस अवसर पर बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया और बेहतर स्वास्थ्य के लिए आसान एवं प्रभावी उपायों की जानकारी प्राप्त की. कार्यक्रम की शुरुआत चक्र मेडिटेशन से हुई। इसके बाद डिंपल जांगड़ा ने बताया कि स्वस्थ आंत अच्छे स्वास्थ्य की सबसे मजबूत नींव है. उन्होंने समझाया कि हमारी पाचन शक्ति का सीधा संबंध इम्यूनिटी, हार्मोनल बैलेंस, मानसिक स्वास्थ्य और ऊर्जा से है. आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान के समन्वय के साथ उन्होंने रोज़मर्रा की जीवनशैली में अपनाए जा सकने वाले सरल उपाय साझा किए. उन्होंने उपाय बताते हुए कहा कि आंत को स्वस्थ रखने मैदा, प्रोसेस्ड फूड और रिफाइंड तेल से बचें. भोजन में मोटे अनाज, घर का ताज़ा भोजन और कोल्ड-प्रेस्ड तेल को शामिल करें. दिन की शुरुआत में सुबह गुनगुना पानी, घी मिला गुनगुना पानी, मेथी का पानी या धनिया के बीज का पानी पिएं. अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सदस्यों ने स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की.

## समाज के प्रति अपना कर्तव्य न भूलें

### अभ्यास मण्डल ने आयोजित की बच्चों के लिए कार्यशाला

**इंदौर. आज युवा वर्ग/बच्चों के समक्ष सबसे बड़ी चिन्ता भविष्य के कैरियर की होती है. अधिकांश लोग डॉक्टर/ इंजीनियर/ सीए बनना चाहते है पर वे ये भूल जाते है कि वे अपनी शिक्षा-योग्यता के अनुसार कुछ भी बनें पर अच्छा इंसान बनना जरुरी है.**

यह बात डॉ. मालासिंह ठाकुर सचिव अभ्यास मण्डल ने शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर इन्दौर में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के समक्ष व्यक्त किए. सन्दर्भ रहा अभ्यास मण्डल द्वारा बच्चों के लिए आयोजित विशेष कार्यशाला जिसका विषय रहा 'जीवन प्रबंधन एवं कैरियर', डॉ. माला ने कहा कि जो कुछ भी बनो उसमें अपने समाज के प्रति कर्तव्य भाव न भूले इसके लिए एक अच्छा इंसान बनना जरुरी है. कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. पल्लवी अढ़ाव ने तनाव रहित जीवन और लक्ष्य निर्धारण पर चर्चा की व एक कहानी के माध्यम से समझाया. शिक्षाविद् डॉ. शंकरलाल गर्ग ने 'जुनून' को पाने पर बल दिया. संचालन विद्यालय की कीर्ति गुरुजी ने किया. प्रभारी प्राचार्या रीना जैन ने बताया कार्यशाला बच्चों के लिए उपयोगी रही. उन्हें एनके उपाध्याय व हरेराम वाजपेयी ने संस्था का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया. आभार डॉ. वैशाली खरे ने व्यक्त किया. इस अवसर पर सफी शेख, मनीष भालेराव, सौरभ गौसर एवं ईशान श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे.

